प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के दौरान कल साइप्रस पहुंचे, व्यापार गोलमेज सम्मेलन में लिया भाग, भारत–साइप्रस साझेदारी और डिजिटल नवाचार पर हुई चर्चा।
- हजारीबाग में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह के नाम पर सड़क का हुआ नामकरण, पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा शहीदों की स्मृति को संजोना समाज की जिम्मेदारी।
- देवघर के श्रावणी मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने की व्यापक तैयारी, 32 अस्थायी स्वास्थ्य शिविर किए जाएंगे स्थापित, 50 बेड के अस्पताल समेत 15 प्राथमिक उपचार केंद्र और आपातकालीन चिकित्सा दल रहेंगे तैनात।
- राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह 23 जून को रांची में होगा आयोजित, 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले करीब 20 हजार छात्र होंगे सम्मानित।
- मौसम विभाग ने रांची सहित सात जिलों में ऑरेंज अलर्ट किया जारी, तेज आंधी, बारिश और वज्रपात की जताई संभावना।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में कल साइप्रस पहुंचे। वहां प्रधानमंत्री मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में प्रमुख भारतीय और साइप्रस के उद्यमियों को व्यापार, निवेश और नवाचार में नए अवसरों का पता लगाने के लिए एक साथ लाया गया। दोनों नेताओं ने भारत–साइप्रस व्यापार साझेदारी को मजबूत करने के विचारों पर चर्चा की। चर्चा में डिजिटल भुगतान, शिपिंग और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे जुड़ाव के नए क्षेत्रों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

*********************

गृहमंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि जनगणना की अधिसूचना आज राजपत्र में जारी की जाएगी। जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। गृह मंत्री ने कहा कि 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1 लाख 30 हज़ार जनगणना अधिकारी अत्याधुनिक मोबाइल डिजिटल गैजेट के साथ इस कार्य को अंजाम देंगे।

*********************

हजारीबाग में पीडब्ल्यूडी चौक से हॉली क्रॉस स्कूल तक की सड़क का नाम अब शहीद कैप्टन करमजीत सिंह मार्ग होगा, जिसका नामकरण राज्य के पर्यटन कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया। इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि शहीदों की स्मृति को संजोना समाज की जिम्मेदारी है और यह नामकरण उसी कड़ी का हिस्सा है।

वहीं सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार आभार जताया और कहा कि वादा पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि शहीद हमेशा याद रहते हैं, लेकिन जिस तरह से मार्ग का नामकरण किया गया है ऐसे में वे अब इतिहास के पन्नों में अमर हो जाएंगे।

*********************

देवघर में आयोजित होने वाले श्रावणी मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारी की है। विभागीय निदेशक डॉ. सीके शाही ने बताया कि मेले में 32 अस्थायी स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें 50 बेड का अस्पताल पुराने सदर अस्पताल में और 10–10 बेड के शिविर विभिन्न स्थानों पर बनाए जाएंगे। साथ ही मेला क्षेत्र में 15 प्राथमिक उपचार केंद्र, तीन डायरिया रिस्पांस टीमें और तीन दुर्घटना राहत चिकित्सा दल तैनात किए जा रहे हैं।

********************

संजय कुमार सिंह यादव को कल प्रदेश राजद का अध्यक्ष निर्विरोध रूप से पुनः निर्वाचित घोषित किया गया। अन्य दो प्रत्याशियों के प्रस्तावक राज्य परिषद के सदस्य नहीं पाए जाने के कारण उनके नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

राजधानी रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में 23 जून को राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में मैट्रिक और इंटर परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन पासवा (पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रनस वेलफेयर एसोसिएशन) द्वारा किया जा रहा है। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि समारोह में लगभग 20 हजार छात्रों को मेडल और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे, जबकि टॉपर्स को विशेष पुरस्कार मिलेगा।

********************

गढ़वा जिले में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो सके, इसके लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

********************

संक्षिप्त खबरें

- साहेबगंज के सिद्धो–कान्हो सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक सेवाएं–सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आम जनता को कानून के प्रति जागरूक करना और उन्हें विधिक रूप से सशक्त बनाना इस शिविर का उद्देश्य है।

- ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर हमला और होमगार्ड जवान को घायल करने के मामले में कल रांची में दलादली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
- लोहरदगा के एक 21 वर्षीय छात्र की कोयल नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

*********************

मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और सिमडेगा जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में आज तेज आंधी, भारी बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। साथ ही पूर्वानुमान है कि हवा की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जिसे देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

*********************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने उत्तराखंड के केदारनाथ में हए हैलीकॉप्टर हादसे की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

इसके अलाव प्रभात खबर के शब्द हैं–रातू रोड एलीवेटेड कॉरिडोर तैयार, 19 जून को केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी करेंगे उद्घाटन।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–नॉर्थ कर्णपूरा प्लांट की तीसरी यूनिट से छह सौ साठ मेगावाट बिजली उत्पादन शुरू।

दैनिक जागरण लिखता है– उत्पाद सचिव मनोज कुमार से आज एसीबी करेगी पूछताछ, शराब घोटाले की खुलेंगी परतें।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–संताल में बारिश, झारखंड में अड़तालीस घंटे में मॉनसून पहुंचने के आसार।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******************